आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–06 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन विविध कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

अपने दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वे उच्चीकृत अस्पताल से इस्टीमेट मंगवा लें, इलाज खर्च में सरकार भरपूर आर्थिक मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर गोरखपुर महानगर के मानसरोवर रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि अपने संस्थापकों के सिद्धांतों, मूल्यों व आदर्शों पर आगे बढ़कर तथा कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव से ही आज भाजपा देश ही नहीं, दुनिया की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी के रूप में प्रतिष्ठित हुई है। श्री योगी गोरखपुर के सिविल लाइन में आयोजित गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता के अलग–अलग आयामों प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के बीच परस्पर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि मीडिया के सभी अंग समान मानक, मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप आगे बढ़ें। इसके बाद मुख्यमंत्री ने दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में आधुनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि कॉलेज की कंप्यूटर लैब इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, शोध–अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने में विद्यार्थियों के लिए काफी मददगार साबित होगी। गोरखपुर से गिरीश नारायण चौबे की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था गोरखपुर के विस्तारीकरण के तहत आजमगढ़ जिले में नवनिर्मित दुग्धअवशीतन केन्द्र के शुभारम्भ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और मातृ शक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया।

****

केन्द्र सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध होंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि इन सिलेंडरों की कीमत बाजार दर पर रखी गई है और इनकी खरीद के लिए किसी पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी वितरण केन्द्र पर इन सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने जोर दिया कि पेट्रोल, डीजल या रसोई गैस की देश में कोई कमी नहीं है और घबराहट में खरीद की जरूरत नहीं है। इस बीच सरकार पाइप लाइन से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का दायरा भी बढ़ा रही है। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए भी सख्त निर्देश दिए गए हैं।

****

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सशक्त कानून हैं। नई दिल्ली में आकाशवाणी द्वारा आयोजित 'महिला केंद्रित मुद्दों और सशक्तिकरण पहल' पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए, उन्होंने लैंगिक संवेदनशीलता की आवश्यकता पर बल दिया।

हम सब जब पॉजिटिव माइंडसेट को अप्लाई करते है, तो स्वाभाविक रूप मे हम, हमारी ऐसी अनेक ताकतों को बरकरार रखते हुए हम आगे बढ़ भी सकते हैं। पॉजिटिव माइंड के साथ–साथ जो जुड़ा हुआ है। वो जुड़ा हुआ है जेंडर सेंसिटाइजेशन और उसी के साथ–साथ हम जेंडर सेंसिटाइजेशन को लेते हुए एक ऐसी इकोसिस्टम बनाना चाहते है, जहां हर एक व्यक्ति को समान अवसर और समान सम्मान प्राप्त हो।

इस अवसर पर आकाशवाणी के महानिदेशक–समाचार धीरज एम. काकड़िया ने कहा कि कार्यस्थल सुरक्षित और न्यायपूर्ण होना चाहिए।

महिला सशक्तिकरण के जो–जो कानून है उनकी हमारी बहनें–बेटियां समझे। नहीं तो कानून, कानून ही रह जाता है। तो ऐसी हम सीरिज चलाना चाहते हैं। तो हम ऐसा आकाशवाणी केन्द्र बनाना चाहेंगे इस कैम्पस के अंदर सब लोग सुरक्षित महसूस करें। महिला को अन्दर आने से किसी का डर ना हो किसी का एक्सप्लाईटेशन न हो।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज और कल कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक इस अंचल में कल कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की भी आशंका है।

****